# NDIS मार्गदर्शिका:
# स्व-प्रबंधन के लिए




**इस पुस्तिका में:**

- स्व-प्रबंधन क्या होता है?
- मेरा समर्थन बजट क्या है?
- मैं क्या खरीद सकता/सकती हूँ?
- मैं अपने समर्थन किससे खरीद सकता/सकती हूँ?
- मैं अपने समर्थनों का भुगतान कैसे करूँ?
- अपनी योजना समीक्षा के बारे में मुझे क्या जानने की ज़रूरत है?

संस्करण 2.0

ndis

## विषय-वस्तु


| | |
|---|---|
| स्व-प्रबंधन क्या होता है? | 3 |
| मेरा समर्थन बजट क्या है? | 5 |
| मैं क्या खरीद सकता/सकती हूँ? | 8 |
| मैं अपने समर्थन किससे खरीद सकता/सकती हूँ? | 9 |
| मैं अपने समर्थनों का भुगतान कैसे करूँ? | 12 |
| अपनी योजना समीक्षा के बारे में मुझे क्या जानने की ज़रूरत है? | 14 |




# इस मार्गदर्शिका के बारे में

**अपनी नेशनल डिसेबिल्टी इंश्योरेंस स्कीम (राष्ट्रीय विकलाँगता बीमा योजना - NDIS) की फंडिंग का स्व-प्रबंधन करने से आपको अपनी ज़रूरतों को बेहतर तरीके से पूरा करने के लिए अपने फंड्स (धन-राशि) का प्रयोग रचनात्मक तरीके से करने का अवसर मिलता है।**

इस मार्गदर्शिका का प्रयोग नेशनल डिसेबिल्टी इंश्योरेंस स्कीम प्रतिभागी पुस्तिकाओं – **पुस्तिका 2: योजना बनाना** और **पुस्तिका 3: अपनी NDIS योजना का प्रयोग करना** के साथ संयोजन में किया जा सकता है।

## यह मार्गदर्शिका किसके लिए है?

- NDIS प्रतिभागी, योजना के लिए मनोनीत व्यक्ति, या बाल प्रतिनिधि जो अपनी NDIS फंडिंग का स्व-प्रबंधन कर रहे हैं।
- वे लोग जो यह समझना चाहते हैं कि NDIS फंडिंग का स्व-प्रबंधन करने में क्या शामिल है।

## यह मार्गदर्शिका आपको निम्नलिखित कार्य करने में मदद देगी:

- स्व-प्रबंधन को समझना और यह निर्णय लेना कि क्या यह आपके लिए सही विकल्प है।
- एक स्व-प्रबंधक के रूप में अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों को समझना।
- यह समझना कि आप अपनी स्व-प्रबंधन फंडिंग को अपनी NDIS योजना के अनुसार कैसे खर्च कर सकते/सकती हैं।
- अपने स्व-प्रबंधन समर्थनों की व्यवस्था करना।
- अपने स्व-प्रबंधन भुगतानों की व्यवस्था करना।
- स्व-प्रबंधन प्रतिभागी के रूप में अपनी योजना की समीक्षा के लिए तैयारी करना।

**कुछ लोगों के नाम और तस्वीरें बदल दी गई हैं ताकि उनकी पहचान की सुरक्षा की जा सके।**

# स्व-प्रबंधन क्या होता है?

## जब आप अपनी NDIS फंडिंग का प्रबंध खुद करते/करती हैं, तो इसे स्व-प्रबंधन कहते हैं। स्व-प्रबंधन आपको यह निर्णय लेने की लोचनीयता और विकल्प देता है कि आपको अपनी योजना के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कौन से समर्थन खरीदने चाहिए।

### यदि आप अपनी फंडिंग का स्व-प्रबंधन करते/करती हैं, तो आपको निम्नलिखित मिल पाएँगे:

**चयन**
यह निर्णय लेना कि आपकी योजना में शामिल तरीके के अनुरूप आपको कौन से समर्थन खरीदने चाहिए, ये समर्थन कौन प्रदान करता है, और ये कैसे उपलब्ध कराए जाते हैं।

**लोचनीयता**
किसी ऐसे प्रदाता का प्रयोग करना जो आपकी योजना के लक्ष्यों को पूरा करने में आपकी सबसे अच्छी तरह से मदद करेगा।

**क्षमता**
कर्मचारियों को सीधे नियुक्त करना या उन्हें अनुबंध पर रखना, या किसी व्यक्ति द्वारा आपकी ओर से कर्मचारियों को नियुक्त किया जाना।

**योग्यता**
अपने समर्थनों के शुल्क के बारे में चर्चा करना, ताकि आपको किफायती और उपयोगी लाभ मिल सकें, तथा और अधिक या बेहतर गुणवत्ता के समर्थन खरीदने के लिए बचत का प्रयोग किया जा सके।

**नियंत्रण**
अपनी NDIS फंडिंग का नियंत्रण और इसकी जिम्मेदारी ताकि आप अपनी योजना की अवधि के लिए अपने खुद के बजट की व्यवस्था कर सकें।

आपके लिए अपनी संपूर्ण फंडिंग का स्व-प्रबंधन करना ज़रूरी नहीं है। आप अपने समर्थन बजट के एक हिस्से का स्व-प्रबंधन करने और शेष भाग का प्रबंधन किसी योजना प्रबंधक या नेशनल डिसेबिल्टी इंश्योरेंस एजेंसी (NDIA) द्वारा कराने का निर्णय ले सकते/सकती हैं।

## मेरे पास अपनी NDIS योजना का प्रबंध करने के तीन तरीके कौन से हैं?

**स्व-प्रबंधन:** NDIA आपको फंडिंग प्रदान करती है ताकि आप वे समर्थन खरीद सकें जो आपको अपनी योजना के लक्ष्यों को पूरा करने में सबसे अच्छे तरीके से सहायता देंगे। हो सकता है कि आपका समर्थन प्रदाता NDIS के साथ पंजीकृत हो या न हो। आप  किसी समर्थन के लिए शुल्क के बारे में चर्चा कर सकते/सकती हैं, बशर्ते कि यह लागत आपकी योजना की अवधि में आपकी योजना फंडिंग के अंदर पूरी हो सके। आपको अपने स्व-प्रबंधित समर्थनों के लिए किसी सेवा को आरक्षित करने की ज़रूरत नहीं है क्योंकि आप सीधे अपने प्रदाताओं को भुगतान करते/करती हैं।

**योजना-प्रबंधन:** NDIA आपके योजना प्रबंधक को भुगतान करती है, जो आपकी ओर से आपके प्रदाताओं को भुगतान करेगा। यह ज़रूरी है कि आपका योजना प्रबंधक NDIS के साथ पंजीकृत हो। पंजीकृत प्रदाता NDIS के गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को पूरा करता है। यदि आप किसी अपंजीकृत प्रदाता का प्रयोग करने का निर्णय लेते/लेती हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि उसके पास सही योग्यताएँ, प्रशिक्षण और सुरक्षा जाँच है। हो सकता है कि आपके अन्य समर्थन प्रदाता NDIS के साथ पंजीकृत हों या न हों। आपका योजना प्रबंधक विशिष्ट समर्थनों के लिए NDIA द्वारा निर्धारित शुल्क-सीमा से अधिक शुल्क का भुगतान नहीं कर सकता है।

**NDIA-प्रबंधित फंडिंग:** NDIA आपकी ओर से आपके प्रदाताओं को भुगतान करती है। NDIA केवल NDIS के साथ पंजीकृत प्रदाताओं को ही भुगतान कर सकती है और वह NDIA द्वारा निर्धारित शुल्क-सीमाओं से अधिक शुल्क का भुगतान नहीं कर सकती है।

आपकी नियोजन मुलाकात के दौरान आपसे यह पूछा जाएगा कि आप अपनी NDIS फंडिंग का प्रबंध कैसे करना चाहेंगे/चाहेंगी। अपने विकल्प समझने के लिए पहले से अपने लोकल एरिया कॉर्डिनेटर (LAC) या NDIA के साथ बात करें। स्व-प्रबंधन करने वाले समान समर्थन समूहों से संपर्क करना भी अच्छा रहता है। ऐसे बहुत से सहायक लोग होते हैं जो यह सलाह दे सकते हैं कि वे स्व-प्रबंधन कैसे करते हैं।

**पंजीकृत प्रदाता NDIS के गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को पूरा करता है। यदि आप किसी अपंजीकृत प्रदाता का प्रयोग करने का निर्णय लेते/लेती हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि उसके पास सही योग्यताएँ, प्रशिक्षण और सुरक्षा जाँच है।**

# क्या स्व-प्रबंधन मेरे लिए सही है?

यदि आप अपनी NDIA योजना का स्व-प्रबंधन करने के बारे में विचार कर रहे/रही हैं, तो आपके लिए एक स्व-प्रबंधक के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को समझना ज़रूरी है।

**स्व-प्रबंधकों की जिम्मेदारियों में शामिल हैं:**

- **ऐसे समर्थन खरीदना** जो आपकी योजना में शामिल लक्ष्यों से संबंधित हों
- अपने प्रदाताओं के साथ आपको मिलने वाले समर्थनों के बारे में **स्पष्ट रूप से सहमति करना,** जिनमें यह शामिल है कि ये समर्थन कैसे प्रदान किए जाएँगे और इनका भुगतान कैसे किया जाएगा
- **अपनी फंडिंग का प्रबंध करना,** ताकि समर्थन का खर्च आपको पैसे के लिए उपयोगिता प्रदान करे, और इसे आपके बजट के अंदर पूरा किया जा सके
- भुगतान के लिए निवेदन करके **समर्थनों के लिए दावे करना और इनका भुगतान करना** तथा समय पर अपने समर्थनों के लिए भुगतान करना
- **इनवॉइस और रसीदों का रिकॉर्ड रखना,** ताकि यह दर्शाया जा सके कि आपने अपनी फंडिंग का प्रयोग करके अपने समर्थनों के लिए भुगतान किया है
- यदि आप सीधे कर्मचारियों की नियुक्ति करने का चयन करते/करती हैं, तो **एक नियोक्ता के रूप में अपने दायित्वों को पूरा करना**
- अपनी योजना समीक्षा में यह दर्शाना कि अपने लक्ष्यों तक पहुँचने के लिए **आपने अपनी स्व-प्रबंधित फंडिंग का प्रयोग कैसे किया है**
- अपनी परिस्थितियों में किन्हीं ऐसे महत्वपूर्ण बदलावों की **सूचना NDIA को देना,** जिनके परिणामस्वरूप आप एक स्व-प्रबंधक के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में असमर्थ हो सकते/सकती हैं
- **एक भुगतान लेखा-परीक्षण में भाग लेना,** जहाँ आपको यह दर्शाने के लिए इनवॉइस, रसीदें या अन्य प्रमाण देने की ज़रूरत पड़ेगी कि आपने अपनी NDIS योजना के अनुरूप अपनी फंडिंग को खर्च किया है।

यदि आपको इन जिम्मेदारियों को पूरा करने में कुछ मदद की ज़रूरत है, तो भी आप अपनी फंडिंग का स्व-प्रबंधन कर सकते/सकती हैं।

# स्व-प्रबंधन करने में मदद के लिए मुझे क्या समर्थन मिल सकते हैं?

यदि आप स्व-प्रबंधन करना चाहते/चाहती हैं परन्तु इस बात को लेकर अनिश्चित हैं कि आप इसके लिए तैयार हैं या नहीं, तो आप अपने लिए ज़रूरी कुशलताएँ विकसित करने में अतिरिक्त समर्थन के लिए अपने LAC या NDIA योजनाकार से पूछ सकते/सकती हैं। अपनी NDIS फंडिंग का स्व-प्रबंधन करने से यदि कोई बचत होती है, तो अपनी फंडिंग की व्यवस्था प्रभावी ढंग से करने में मदद हेतु समर्थन खरीदने के लिए भी इस बचत का प्रयोग किया जा सकता है। स्व-प्रबंधन में आपकी मदद करने वाले समर्थनों के कुछ उदाहरणों में शामिल हैं:

- बुककीपिंग और एकाउंटिंग सेवाएँ
- रोज़गार सेवाएँ
- सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन्स
- समर्थन समन्वयन और योजना प्रबंधन सहायता
- समान स्थिति वाले समर्थन संगठन।

## FRANK

**Frank 2015 की शुरुआत से अपनी फंडिंग का स्व-प्रबंधन करता आ रहा है। Frank के लक्ष्य अपने खुद के घर में रहने और अपनी स्वतंत्रता का विकास करने पर केन्द्रित रहे हैं, ताकि वह फुल-टाइम समर्थन कर्मचारियों की ज़रूरत के बिना काम कर सके।**

अपनी NDIS योजना के अनुरूप Frank ने अपनी कुछ फंडिंग का प्रयोग सहायता का भुगतान करने के लिए किया है, ताकि उसे अपने समर्थनों का चयन और प्रबंध करने में मदद मिल सके, और वह अपने फंड्स का प्रबंधन करने के लिए ऑनलाइन myplace पोर्टल का प्रयोग करना सीख सके। Frank एक बुककीपर से भी समर्थन खरीदता है। एक स्व-प्रबंधक के रूप में Frank के अनुभव के कारण उसे अपने रोज़ाना के जीवन में विकल्प और नियंत्रण हासिल हुआ है। अपने घर में नवप्रवर्तनशील प्रौद्योगिकी के लिए अपनी कुछ फंडिंग का प्रयोग करके Frank के पास अब फुल-टाइम के बजाए बस आवश्यकता पड़ने पर ही समर्थन उपलब्ध है। वह और अधिक स्वतंत्रता के साथ अपना जीवन-यापन करता है, ज़्यादा खुश महसूस करता है और उसमें और अधिक आत्म-विश्वास आ गया है।



> "स्व-प्रबंधन मेरे जीवन में हुई सबसे अच्छी बात रही है, इसने मेरे जीवन को बदल दिया है।"
>
> **FRANK, स्व-प्रबंधित NDIS प्रतिभागी**

# मेरा समर्थन बजट क्या है?

जब आपको एक अनुमोदित NDIS योजना प्राप्त हो जाए, तो आप NDIS myplace प्रतिभागी पोर्टल का प्रयोग करके अपनी योजना और समर्थन बजट को ऑनलाइन देखने में सक्षम होंगे/होंगी। आपके पास भेजी गई योजना की एक प्रति भी आपको प्राप्त होगी। आपकी योजना में आपके लक्ष्य और उन लक्ष्यों को प्राप्त करने में आपकी मदद के लिए उपलब्ध समर्थन के प्रकार बताए जाएँगे।

आपकी योजना में आपका समर्थन बजट यह दिखाएगा कि आपके पास NDIS फंडिंग किसलिए है और इस फंडिंग का प्रबंध कैसे किया जाएगा। आपकी योजना में शामिल फंडिंग आपकी ज़रूरतों के लिए यथोचित और आवश्यक समर्थनों के ऊपर आधारित होती है।

यदि आप अपने फंड्स का स्व-प्रबंधन कर रहे/रही हैं, तो 'समर्थनों का भुगतान कैसे किया जाएगा?' अनुभाग में यह बताया जाएगा कि 'NDIA सीधे मुझे या मेरी NDIS योजना में मनोनीत व्यक्ति को भुगतान करेगी'।

### आपकी योजना में तीन प्रकार के समर्थन बजटों को वित्त-पोषित किया जा सकता है:

1. मुख्य बजट
2. क्षमता निर्माण बजट
3. पूँजी बजट

## 1. मुख्य बजट

मुख्य समर्थन रोज़मर्रा की गतिविधियों, आपकी वर्तमान विकलाँगता से सम्बन्धित ज़रूरतों और आपके लक्ष्यों के प्रति काम करने में आपकी मदद करते हैं।

आपका मुख्य बजट सबसे अधिक लोचनीय होता है। आप किसी भी प्रकार के समर्थन के लिए अपने संपूर्ण मुख्य बजट में अपनी फंडिंग का प्रयोग कर सकते/सकती हैं। इसका अर्थ यह है कि यदि निम्नलिखित में से किसी भी श्रेणी में आपके लिए उपलब्ध धन-राशि कम हो जाए, तो आप किसी दूसरी श्रेणी से धन-राशि का प्रयोग कर सकते/सकती हैं, बशर्ते कि आपकी ज़रूरतें मुख्य बजट के अंदर पूरी की जा सकें।

| आपकी योजना में | MYPLACE पोर्टल में | विवरण |
|---|---|---|
| रोज़मर्रा के रहन-सहन में सहायता | **रोज़मर्रा की गतिविधियाँ** | उदाहरण के लिए, रोज़मर्रा की ज़रूरतों, घरेलू साफ-सफाई और/या घर के पिछवाड़े के रख-रखाव में सहायता। |
| उपभोग्य वस्तुएँ | **उपभोग्य वस्तुएँ** | आपकी रोज़मर्रा की ज़रूरत की वस्तुएँ। उदाहरण के लिए, आपकी स्वतंत्रता और/या गतिशीलता को बेहतर बनाने के लिए मूत्र/मल-संयम के उत्पाद या कम-लागत वाली सहायक प्रौद्योगिकी और उपकरण। |
| सामाजिक एवं सामुदायिक प्रतिभाग में सहायता | **सामाजिक, सामुदायिक और नागरिक प्रतिभाग** | उदाहरण के लिए, सामाजिक और सामुदायिक गतिविधियों में आपके भाग लेने में आपकी मदद करने के लिए समर्थन कर्मचारी। |
| परिवहन | **परिवहन** | आपको अपने कार्यस्थल या अन्य स्थानों पर आने-जाने में आपकी सहायता देने वाला समर्थन, जिससे आपको अपनी योजना में नियत किए गए लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।<br><br>आप अपनी परिवहन फंडिंग को कैसे खर्च कर सकते/सकती हैं और इसका भुगतान आपको कैसे किया जाता है (चाहे अग्रिम तौर पर या नियमित भुगतानों के रूप में), यह हरेक व्यक्ति के लिए अलग-अलग होगा। आपका LAC आपको यह विवरण देगा कि आप इस बजट का प्रयोग कैसे कर सकते/सकती हैं। |

## CHARLOTTE

**Charlotte के लक्ष्यों में अपने रोज़मर्रा के जीवन में और अधिक स्वतंत्र होना तथा मित्र बनाना शामिल है। उसके पास अपने मुख्य समर्थन बजटों में फंडिंग उपलब्ध है, जिससे उसे कपड़े पहनने और भोजन बनाने जैसे कार्यों में मदद मिलती है।**

समय बीतने के साथ-साथ, Charlotte सुबह-सुबह कपड़े पहनने और नाश्ता बनाने जैसे कार्यों में अपने लिए ज़रूरी समर्थन की मात्रा को घटाने के लिए आश्वस्त महसूस करती है। क्योंकि Charlotte का मुख्य समर्थन बजट लोचनीय है, इसलिए वह सुबह मिलने वाले एकल समर्थन की मात्रा को घटाने का निर्णय लेती है और सप्ताह में एक बार स्विमिंग के लिए उस फंडिंग का प्रयोग करती है।



## 2. क्षमता निर्माण (Capacity Building) बजट

क्षमता निर्माण (कभी-कभी इसे CB भी कहा जाता है) आपकी स्वतंत्रता और कुशलताओं का निर्माण करने में आपका समर्थन करता है ताकि आप अपने लक्ष्यों तक पहुँच सकें। आपके मुख्य बजट से भिन्न, आपके क्षमता निर्माण बजट को एक समर्थन श्रेणी से किसी दूसरी समर्थन श्रेणी में स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है।

क्षमता निर्माण समर्थन श्रेणियों में शामिल हैं:

| आपकी योजना में | MYPLACE पोर्टल में | विवरण |
|---|---|---|
| समर्थन समन्वयन | **समर्थन समन्वयन** | आपकी योजना में आपकी मदद करने के लिए समर्थन समन्वयक के लिए यह एक निर्धारित राशि है। |
| रहन-सहन के बेहतर प्रबंध | **CB घरेलू रहन-सहन** | आपको निवास के लिए एक उचित स्थान खोजने और इस स्थान को बनाए रखने में मदद देने के लिए समर्थन। |
| और अधिक सामाजिक एवं सामुदायिक प्रतिभाग | **CB सामाजिक, सामुदायिक और नागरिक प्रतिभाग** | आपकी कुशलताओं को बढ़ाने के लिए विकास और प्रशिक्षण ताकि आप सामुदायिक, सामाजिक और मनोरंजनात्मक गतिविधियों में भाग ले सकें। |
| नौकरी ढूँढना और नौकरी बनाए रखना | **CB रोज़गार** | इसमें आपको नौकरी ढूँढने और नौकरी को बनाए रखने में मदद देने के लिए रोज़गार-संबंधित समर्थन, प्रशिक्षण और आकलन शामिल हो सकते हैं, जैसे कि स्कूल लीवर एंप्लॉयमेंट सपोर्ट्स (SLES)। |
| बेहतर संबंध | **CB संबंध** | यह समर्थन आपको दूसरों के साथ बातचीत करने में मदद देगा। |
| बेहतर स्वास्थ्य एवं कल्याण | **CB स्वास्थ्य एवं कल्याण** | आपकी विकलाँगता के प्रभाव का प्रबंध करने के लिए व्यायाम या आहार संबंधी परामर्श को शामिल करना। |
| बेहतर शिक्षण | **CB जीवन-पर्यंत शिक्षण** | उदाहरणों में स्कूल से आगे की शिक्षा, जैसे विश्वविद्यालय या TAFE की ओर कदम बढ़ाने के लिए आपके लिए प्रशिक्षण, परामर्श और सहायता शामिल हो सकती है। |
| जीवन संबंधी बेहतर विकल्प | **CB चयन और नियंत्रण** | सेवाओं के लिए आपकी योजना, फंडिंग और भुगतान का प्रबंध करने में मदद देने के लिए योजना प्रबंधन। |
| रोज़मर्रा का बेहतर रहन-सहन | **CB दैनिक गतिविधि** | आपकी कुशलताओं, स्वतंत्रता और सामुदायिक प्रतिभाग को बढ़ाने के लिए आकलन, प्रशिक्षण या थेरेपी। ये सेवाएँ समूहों या व्यक्तिगत तौर पर प्रदान की जा सकती हैं। |

## 3. पूँजी बजट

पूँजी समर्थन में सहायक प्रौद्योगिकी, उपकरण, गृह या गाड़ी संबंधी संशोधन कार्यों के उच्च-लागत के खण्ड शामिल होते हैं और संभावित रूप में आपके लिए ज़रूरी एकमुश्त खरीद के लिए फंडिंग शामिल हो सकती है (इसमें विशेषज्ञ विकलाँगता आवास-स्थल – विकलाँगता से ग्रस्त लोगों के लिए विशेष रूप में अवरचित आवास शामिल हैं)।

यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि पूँजी बजट के फंड्स का प्रयोग केवल उनके विशिष्ट प्रयोजन के लिए ही किया जा सकता है और किसी अन्य चीज़ के भुगतान के लिए इसका प्रयोग नहीं किया जा सकता है। पूँजी बजट की दो समर्थन श्रेणियाँ हैं:

| आपकी योजना में | MYPLACE पोर्टल में | विवरण |
|---|---|---|
| सहायक प्रौद्योगिकी | **सहायक प्रौद्योगिकी** | इसमें गतिशीलता, व्यक्तिगत देखभाल, संचार और मनोरंजनात्मक समावेश के लिए उपकरण सामग्री शामिल है जैसे व्हीलचेयर और गाड़ी के संशोधन-कार्य। |
| घरेलू संशोधन कार्य | **घरेलू संशोधन कार्य** | घरेलू संशोधन कार्य जैसे बॉथरूम में हैंड रेल स्थापित करना, या अपनी विकलाँगता के कारण विशेषज्ञ आवास की ज़रूरत वाले प्रतिभागियों के लिए विशेषज्ञ विकलाँगता आवास-स्थल। |

## निर्दिष्ट समर्थन

यदि आपके समर्थन को 'निर्दिष्ट समर्थन' के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, तो इसका यह अर्थ है कि इस फंडिंग को किसी विशिष्ट समर्थन के लिए नियत किया गया है और इसका प्रयोग किसी अन्य काम के लिए नहीं किया जा सकता है। आप निर्दिष्ट समर्थन के स्थान पर कोई अन्य समर्थन नहीं ले सकते/सकती हैं।

## वस्तु-रूपी समर्थन

यदि आपकी योजना में वस्तु-रूपी समर्थन सूचीबद्ध किए गए हैं, तो इसका यह अर्थ है कि राज्य या टेरेटरी (राज्य-क्षेत्र) या संघीय सरकार द्वारा भुगतान पहले से किया जा चुका है। इसका यह अर्थ है कि आपके लिए सूचीबद्ध प्रदाता का प्रयोग करना ज़रूरी है क्योंकि उन्हें इन सेवाओं के लिए पहले से ही भुगतान मिल चुका होता है। वस्तु-रूपी समर्थन केवल थोड़ी अवधि के लिए ही होंगे, जबतक कि पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में NDIS को शुरू किया जा रहा है।

## पंजीकृत प्रदाता समर्थन

ये समर्थन किसी ऐसे प्रदाता द्वारा प्रदान किए जाने चाहिए जो NDIS के साथ पंजीकृत हो:

- विशेषज्ञ विकलाँगता आवास-स्थल
- विशेषज्ञ व्यवहार समर्थन सेवाएँ, जो व्यवहार समर्थन आकलन प्रदान करती हैं या व्यवहार समर्थन योजना का विकास करती हैं
- कोई ऐसा समर्थन, जिसमें प्रदाता को एक सीमित प्रेक्टिस का प्रयोग करने की ज़रूरत पड़े।

यदि आपके लिए ये समर्थन आवश्यक हों, तो आपका LAC या NDIA योजनाकार इन समर्थनों के बारे में आपके साथ चर्चा करेगा।

### BEN

**Ben और उसके सबसे अच्छे दोस्त Charlie ने शहर से दूर एक बहुत ही बढ़िया सप्ताहाँत व्यतीत किया, जिसमें वे एक एपॉर्टमेंट में चार रात ठहरे, उन्होंने मिनी-गोल्फ खेल का मजा उठाया, वे शहर घूमने गए और सामान्यत: वह सब-कुछ किया जो उनकी आयु के दूसरे पुरुष करते हैं।**

Ben का समर्थन कर्मचारी, Clarrie उनके साथ गया था, और उसने उन्हें दिखाया कि सुरक्षित तरीके से अपने परिवारों से अलग अपने समय का आनन्द कैसे उठाया जा सकता है।

"Clarrie ने हमारे लिए भोजन बनाया, और हमने बर्तन धोए और साफ-सफाई की", Ben ने बताया। "हमने यह सीखा कि ट्रेन पकड़कर हम बियर एंड बार्बेक्यू फेस्टिवल तक कैसे जा सकते हैं।"

Ben की NDIS योजना की फंडिंग से इन चीज़ों के लिए भुगतान किए गए, जोकि उसके किसी राहत सेवा में जाने की परिस्थिति में भी कवर किए जाते। इस फंडिंग से एपॉर्टमेंट में चार रात ठहरने और Clarrie से नई कुशलताएँ सीखने के लिए समर्थन का भुगतान किया गया। इसका खर्च अल्पावधि आवास-दर पर एक शनिवार की रात से भी कम था।



# मैं क्या खरीद सकता/सकती हूँ?

## आपके पास यह विकल्प होता है कि अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए आप कौन से समर्थन खरीद सकते/सकती हैं।

जब आप अपनी NDIS योजना और समर्थन बजट को समझ लेते/लेती हैं, तो आप उन समर्थनों का चयन कर सकते/सकती हैं जिन्हें आप खरीदना चाहते/चाहती हैं। एक स्व-प्रबंधक के रूप में आप यह निर्धारित करते समय वास्तव में काफी रचनात्मक बन सकते/सकती हैं कि आप अपनी फंडिंग का प्रयोग करके अपनी आवश्यकताओं और योजना के लक्ष्यों को किस प्रकार सबसे बेहतर तरीके से पूरा कर सकते/सकती हैं।

निम्नलिखित निर्देश यह निर्णय लेने में आपकी सहायता के लिए तैयार किया गया है कि आप अपनी फंडिंग से क्या खरीद सकते/सकती हैं।

## क्या मैं अपनी NDIS फंडिंग से यह खरीद सकता/सकती हूँ?

| | |
|---|---|
| **क्या समर्थन आपको अपनी योजना के लक्ष्य हासिल करने में मदद देगा?** | आप जो समर्थन खरीदते/खरीदती हैं, वह आपकी वर्तमान NDIS योजना के समर्थन बजट और लक्ष्यों से जुड़ा हुआ होना चाहिए और आपकी विकलाँगता से संबंधित होना चाहिए। |
| **क्या समर्थन का शुल्क यथोचित है और क्या यह शुल्क के अनुरूप उपयोगिता प्रदान करता है?** | इस समर्थन से आपको अन्य विकल्पों की तुलना में अपने पैसे के लिए बढ़िया उपयोगिता प्राप्त होनी चाहिए। याद रखें कि आप कम भुगतान करने तथा और अधिक समर्थन प्राप्त करने, या अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले समर्थन के लिए और अधिक भुगतान करने का चयन कर सकते/सकती हैं। |
| **क्या आप अपने समर्थन बजट से समर्थन प्राप्त करने का भार उठा सकते/सकती हैं?** | यह ज़रूरी है कि आपकी NDIS फंडिंग आपकी योजना की पूरी अवधि के लिए बनी रहे। शुरू में ही अपने बजट का निर्धारण करें, ताकि आपको यह पता रहे कि आप कितना वहन कर सकते/सकती हैं। इससे आपको अपनी फंडिंग पर दृष्टि बनाए रखने और अपनी योजना के दौरान अपने समर्थनों में होने वाले बदलावों के बारे में निर्णय लेने में मदद मिलेगी। |
| **क्या समर्थन आपको अपने समुदाय के साथ जुड़ने और अपने परिवार तथा मित्रों के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाने में मदद करेगा?** | आप जो समर्थन खरीदते/खरीदती हैं, उससे आपको अपने मित्रों और अपने समुदाय में अन्य सदस्यों के साथ प्रतिभाग लेने में, या आपको नौकरी ढूँढने और नौकरी बनाए रखने में मदद मिलनी चाहिए। |
| **क्या समर्थन किन्हीं अन्य सरकारी सेवाओं के बजाए NDIS द्वारा वित्त-पोषित होना चाहिए?** | आपकी NDIS योजना में वित्त-पोषित समर्थनों में अन्य सरकारी सेवाओं द्वारा प्रदान किया जाने वाला समर्थन शामिल नहीं होगा। उदाहरण के लिए, डेंटल, स्वास्थ्य या अस्पताल सेवाएँ, शिक्षा, आवास और जन परिवहन - ये सभी अन्य सरकारी सेवाओं द्वारा प्रदान किए जाते हैं। |
| **क्या समर्थन सुरक्षित है?** | यह ज़रूरी है कि आप जो समर्थन खरीदते/खरीदती हैं, वह कानूनी हो। इससे नुकसान नहीं होना चाहिए या आपके या अन्य लोगों के लिए खतरा पैदा नहीं होना चाहिए। |

यदि आप इन सभी सवालों का जवाब 'हाँ' में देने में सक्षम हैं, तो यह संभावना है कि समर्थन आपकी NDIS योजना और लक्ष्यों के अनुसार होगा। यदि आपको निश्चित रूप से पता नहीं है, तो आप हमेशा अपने LAC या NDIA योजनाकार से इसकी जांच कर सकते/सकती हैं।

आप जो कुछ भी अपनी स्व-प्रबंधित फंडिंग से खरीदते/खरीदती हैं, वह आपके समान ही व्यक्तिगत होगा।

**आप परिवार के किसी सदस्य द्वारा आपको समर्थन प्रदान करने हेतु भुगतान करने के लिए अपनी NDIS फंडिंग का प्रयोग नहीं कर सकते/सकती हैं। यह आपके और आपके परिवार के लिए महत्वपूर्ण है, ताकि आप अच्छे संबंध बनाए रख सकें।**

# मैं अपने समर्थन किससे खरीद सकता/सकती हूँ?

## आपको समर्थन प्रदान करने वाले व्यक्ति, व्यापार या संगठन को प्रदाता कहते हैं।

प्रदाताओं में बड़ी कम्पनियाँ, चैरिटी (दानी संस्थाएँ), लघु लाभ-निरपेक्ष संस्था, एकल व्यापारी, या किसी अन्य प्रकार का व्यापार शामिल हो सकता है। प्रदाताओं के पास अलग-अलग क्षेत्रों में अनुभव और विशेषज्ञता होती है, इसलिए यह निर्धारित करना महत्वपूर्ण होता है कि आपको क्या चाहिए और अपने लिए सही प्रदाताओं की खोज करना भी महत्वपूर्ण होता है।

जब आप यह निर्णय ले लेते/लेती हैं कि आप क्या खरीदना चाहते/चाहती हैं, तो फिर आपको अपने क्षेत्र में प्रदाताओं के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। प्रदाताओं की खोज करना, उनकी समीक्षाओं की जांच करना और परिवार, मित्रों तथा आपके समान परिस्थितियों का सामना करने वाले व्यक्तियों से परामर्श लेना अच्छी बात है। यह निर्णय लेने से पहले कि आपको समर्थन कौन प्रदान करेगा, आप अलग-अलग प्रदाताओं से मिल सकते/सकती हैं। आपका एर्ली चाइल्डहुड एर्ली इंटरवेन्शन (ECEI) कॉर्डिनेटर, LAC या समर्थन कॉर्डिनेटर भी आपकी मदद कर सकता है। NDIS पंजीकृत प्रदाताओं का पता लगाने के लिए आप myplace पोर्टल पर Provider Finder पर खोज कर सकते/सकती हैं।

याद रखें कि यदि आप प्राप्त होने वाले समर्थन से खुश नहीं हैं, या आपको लगता है कि आप किसी अन्य प्रदाता का प्रयोग करके बेहतर उपयोगिता प्राप्त कर सकते/सकती हैं, तो प्रदाताओं को बदलना आसान होता है।

**एक स्व-प्रबंधक के रूप में आपके पास अपने समर्थन खरीदने के लिए अलग-अलग तरीके होते हैं। आप:**

1. किसी व्यवसाय या संगठन से अपने समर्थन खरीद सकते/सकती हैं
2. स्व-प्रबंधित कांट्रेक्टरों का प्रयोग कर सकते/सकती हैं
3. कर्मचारियों को सीधे नियुक्त कर सकते/सकती हैं

## 1. व्यवसाय और संगठन

हो सकता है कि व्यवसाय और संगठन NDIS पंजीकृत प्रदाता हों या न हों, जबतक कि वे एक सुरक्षित और व्यावसायिक तरीके से आपकी NDIS योजना के लक्ष्यों को पूरा करने में आपकी मदद करें।

व्यवसाय और संगठन सामान्यत: आपके समर्थन की व्यवस्था करेंगे और आपकी ओर से समर्थन कर्मचारियों की जिम्मेदारी लेंगे। जब आप किसी NDIS पंजीकृत प्रदाता के साथ समर्थन की व्यवस्था करते/करती हैं, तो आपके लिए उन्हें यह बताना महत्वपूर्ण होता है कि वे भुगतान के लिए आपको इनवॉइस अवश्य दें।

## 2. स्व-नियोजित कांट्रेक्टर

स्व-नियोजित कांट्रेक्टर वह व्यक्ति होता है जिसके पास एक ऑस्ट्रेलियन बिजनेस नम्बर (ABN) होता है, और वह सामान्यत: अपने खुद के बीमे, कर और सुपरएनुएशन का प्रबंध करने के लिए जिम्मेदार होता है। हो सकता है कि स्व-नियोजित कांट्रेक्टर NDIS के साथ पंजीकृत हों या न हों।

बगीचे में काम करने वाले माली, सफाई-कर्मी और कारीगर अधिकाँशत: स्व-नियोजित कांट्रेक्टर होते हैं।

**यह सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है कि कांट्रेक्टर के पास निम्नलिखित है:**

- प्रासंगिक सुरक्षा जांच
- ABN
- उचित बीमा
- सही योग्यताएँ और कुशलताएँ।

कांट्रेक्टर प्रति कार्य या प्रति घंटे की दर से शुल्क ले सकते हैं, और वे अपने समर्थन का भुगतान किए जाने के लिए आपको इनवॉइस देंगे या फिर आपको एक रसीद देंगे जिसमें दर्शाया जाएगा कि आपने भुगतान कर दिया है। यह ज़रूरी है कि इनवॉइस और रसीदों में समर्थन का प्रकार, राशि, कीमत और ABN दिखाया गया हो।

## 3. कर्मचारियों की सीधे नियुक्ति करना

आप अपना समर्थन करने वाले व्यक्तियों का चयन, उनकी भर्ती और उनका प्रबंध करते/करती हैं।

**कर्मचारियों के नियोक्ता के रूप में आपके लिए निम्नलिखित बातें आवश्यक होंगी:**

- यह सुनिश्चित करना कि आपके कर्मचारियों के पास सही योग्यताएँ, कुशलताएँ, प्रशिक्षण, और प्रासंगिक सुरक्षा जांच है, यदि आवश्यक हो तो
- अपनी योजना के बजट में गणना की गई समर्थन दर से कर्मचारियों को काम पर रखने, उनके वेतन, सुपरएनुएशन और बीमे का शुल्क अदा करना
- आवश्यकता पड़ने पर एकाउंटेंट, वित्तीय सलाहकार, रोज़गार संस्था या वकील जैसे व्यवसायिकों से परामर्श या समर्थन प्राप्त करना। ये लोग उचित वेतन, सुपरएनुएशन और बीमे का भुगतान करने के लिए प्रणालियाँ स्थापित करने में आपकी मदद कर सकते हैं।

यदि आप सही ढंग से अपने बजट का प्रबंध करते/करती हैं, तो आप आसानी से अपनी फंडिंग में से ही कर्मचारियों को सीधे नियुक्त करने का शुल्क वहन कर पाएँगे/पाएँगी। आप किसी अन्य बचत का प्रयोग प्रत्यक्ष रोज़गार प्रबंधों की व्यवस्था करने या और अधिक समर्थन खरीदने के लिए कर सकते/सकती हैं।

### LIN

**Lin एक उत्साही कलाकार है जिसने अपनी संपूर्ण फंडिंग का स्व-प्रबंधन करने का निर्णय लिया है, ताकि वह अपने समर्थन-प्रदाताओं का चयन खुद कर सके।**

Lin ने अपने कुछ प्रदाताओं को सीधे नियुक्त किया है और अपने में ही एक लोचनीय टीम का निर्माण किया है, जो उसकी ज़रूरतों को सबसे अच्छे तरीके से पूरा करती है। Lin एक कला शिक्षक को नियुक्त करती है जो विद्यार्थी है और वह Lin को समर्थन देने के साथ-साथ एक कलाकार के रूप में उसकी प्रतिभा को विकसित भी कर रहा है। Lin एक विद्यार्थी व्यावसायिक चिकित्सक से समर्थन भी खरीदती है, जो उसकी ज़रूरतों को समझता है और TAFE में उसका समर्थन करता है।

"स्व-प्रबंधन करने से मुझे अपनी धन-राशि के साथ अधिक सक्षम होने और अपनी विशिष्ट ज़रूरतों का समर्थन करने के लिए लोगों का चयन करने की सक्षमता मिलती है।"

**LIN, स्व-प्रबंधित NDIS प्रतिभागी**



## अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए नवाचार के साथ विचार करें

स्व-प्रबंधन करने का एक लाभ यह है कि आप अपनी ज़रूरतों को पूरा करते समय और अपने लक्ष्यों की ओर काम करने में मदद देने वाले समर्थनों की खोज करते समय रचनात्मक बन सकते/सकती हैं। आपको यह पता चल सकता है कि आपने जिन समर्थनों का चयन किया है, वे आपको समर्थक व्यक्ति या प्रदाता के रूप में न मिलें, और यह कोई गलत बात भी नहीं है। फिर भी यह ज़रूरी है कि वे आपकी योजना और आपकी योजना के लक्ष्यों में शामिल समर्थनों से संबंधित हो।

## मुझे समर्थनों के लिए कितना भुगतान करने की ज़रूरत है?

जिस तरह से आपके पास अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु सबसे अच्छी मदद के लिए किसी भी प्रदाता का चयन करने की लोचनीयता है, ठीक उसी तरह से एक स्व-प्रबंधक के रूप में आप अपने प्रदाता के साथ अपने समर्थन के शुल्क के बारे में चर्चा भी कर सकते/सकती हैं।

अलग-अलग प्रदाताओं के साथ समान समर्थनों के शुल्कों की तुलना करना अच्छी बात होती है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपको सबसे अच्छा मूल्य और उपयोगिता मिले।

**समर्थन के लिए कितना भुगतान करना चाहिए, यह निर्णय लेते समय निम्नलिखित बातों पर ध्यान दें:**

- **पैसे के लिए उपयोगिया:** जब आप प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में सोचते/सोचती हैं, तो क्या समर्थन का शुल्क यथोचित है?
- **गुणवत्ता:** क्या समर्थन की गुणवत्ता ऊँची है और क्या यह आपको अपने लक्ष्य प्राप्त करने में मदद देगा?
- **मात्रा:** अपनी योजना की अवधि के लिए आपको कितने समर्थन की ज़रूरत होगी?
- **बजट:** अपनी NDIS योजना में आपके पास कितनी फंडिंग उपलब्ध है और अपने लिए ज़रूरी समर्थन के लिए आप अपने बजट में से कितनी धन-राशि वहन कर सकते/सकती हैं?

NDIA शुल्क मार्गदर्शिका इस बात की गणना करते समय आपको सहायता दे सकती है कि आप किसी समर्थन के लिए कितना भुगतान करने के लिए तैयार हैं। यह NDIS के साथ पंजीकृत प्रदाताओं द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले विशिष्ट समर्थनों के लिए अधिकतम शुल्क का निर्धारण करती है। शुल्क मार्गदर्शिका NDIS की वेबसाइट पर उपलब्ध है और इसे हर वर्ष 1 जुलाई को अद्यतित किया जाता है।

## सेवा अनुबंध बनाना

आपको अपने प्रत्येक प्रदाता के साथ एक सेवा अनुबंध बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिसमें स्पष्ट रूप में यह दर्शाया जाना चाहिए कि आपको क्या उपलब्ध कराया जाएगा, प्रकार से समर्थन उपलब्ध कराए जाएँगे और इनके लिए भुगतान कैसे किया जाएगा। हो सकता है कि आपके प्रदाता के अपने खुद के मानक सेवा अनुबंध हों या फिर आप अपने खुद के मानक सेवा अनुबंध बना सकते/सकती हैं। NDIS की वेबसाइट पर सेवा अनुबंध बनाने के बारे में और अधिक जानकारी उपलब्ध है। अपने प्रदाताओं को समय पर भुगतान करने और उनके साथ अपनी सहमत जिम्मेदारियों को पूरा करने का दायित्व आपका होगा।

### JUDY और SARAH

**दूरवर्ती पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में रहने वाली Judy ने अपनी बेटी Sarah की NDIS फंडिंग का स्व-प्रबंधन करने का निर्णय लिया, ताकि उसके पास प्रदाताओं के और अधिक विकल्प उपलब्ध हो सकें।**

Judy ने कहा कि NDIS से पहले उसे अलग-अलग संस्थाओं से सहायता मिलती थी, परन्तु वह इन संस्थाओं की अविश्वसनीयता को लेकर निराश थी।

“मुझे ऐसे बहुत से अवसर याद हैं जब समर्थन कर्मचारी आए ही नहीं, जिसके परिणामस्वरूप मुझे अपनी योजनाएँ रद्द करनी पड़ी,” उसने कहा। “मुझे यह भी महसूस हुआ कि समर्थन कर्मचारियों के साथ जुड़ाव स्थापित करना महत्वपूर्ण था, परन्तु प्रदाता नए-नए कर्मचारियों को भेज देता था। कर्मचारी स्थानीय भी नहीं होते थे, इसलिए दूरवर्ती क्षेत्र में रहने का अर्थ यह था कि यदि कोई बीमार पड़ जाता है, तो कोई सहारा भी नहीं मौजूद होगा।”

Sarah की NDIS फंडिंग का स्व-प्रबंधन करने से Judy को Sarah को समर्थन प्रदान करने के लिए कांट्रेक्टरों को नियुक्त करने का अवसर मिला।

“यह बहुत अच्छा रहा है क्योंकि Sarah अलग-अलग लोगों द्वारा अलग-अलग कार्यों में उसे समर्थन देने के बारे में बहुत उत्सुक है,” उसने कहा। “उदाहरण के लिए, यदि Sarah को पॉप कॉन्सर्ट में जाना हो तो वह एक युवा संगीत प्रेमी Sam को साथ ले जाएगी। यदि वह अपना कलाकार्य कर रही है, तो एक अनुभवी पेंटर, Alba, उसे समर्थन देती है।”

Judy ने कहा कि कांट्रेक्टरों की संपूर्ण टीम उन्हें लोचनीयता प्रदान करती है।

“वे Sarah की जीवनशैली के अनुरूप हैं और पैसे के लिए बेहतरीन उपयोगिता और महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ उपलब्ध कराते हैं,” उसने कहा। Judy और Sarah को बहुत ऊँची गुणवत्ता का समर्थन प्राप्त होता है तथा वे और अधिक समर्थन खरीद पाने में समर्थ रहती हैं, क्योंकि उनके समुदाय में समर्थन प्रदान करने वाली संस्थाओं की तुलना में कांट्रेक्टर कम शुल्क लेते हैं।




# मैं अपने समर्थनों के लिए भुगतान कैसे करूँ?

जब आप अपने समर्थनों और प्रदाताओं की व्यवस्था कर लें, तो अपनी NDIS फंडिंग का प्रयोग करके इन्हें भुगतान करने की जिम्मेदारी आपकी होगी।

## अपनी NDIS फंडिंग से अपने समर्थनों का भुगतान करने के लिए दो विकल्प उपलब्ध हैं:

### 1. भुगतान के लिए निवेदन करें और फिर अपने प्रदाता को भुगतान करें:

जब आपको अपने प्रदाता से एकाउंट, इनवॉइस या टाइमशीट मिल जाए, तो भुगतान के लिए निवेदन करें। आप myplace पोर्टल का ऑनलाइन प्रयोग करके यह कर सकते/सकती हैं। आपकी NDIS योजना के बजट से पैसे का भुगतान 24 से 48 घंटों के अंदर आपके नामांकित बैंक एकाउंट में कर दिया जाएगा। इसके बाद आप अपने प्रदाता को भुगतान कर सकते/सकती हैं।




### 2. अपने प्रदाता को भुगतान करें और फिर भुगतान के लिए निवेदन करें:

जब आपको अपना समर्थन मिल जाए, तो अपने पैसों से प्रदाता को भुगतान करें और इसकी रसीद ले लें। फिर अपनी NDIS योजना के बजट से पैसे का भुगतान अपने नामांकित बैंक एकाउंट में कराए जाने के लिए भुगतान निवेदन करें। आपको 24 से 48 घंटों के अंदर आपके पैसे की प्रतिपूर्ति कर दी जाएगी।




यदि आप अपने स्व-प्रबंधित समर्थन बजटों के अंदर इसका शुल्क वहन कर सकें, तो आप अपनी NDIS योजना का बजट बनाने और इसका प्रबंधन करने तथा अपने प्रदाताओं को भुगतान करने के लिए अपनी कुछ NDIS फंडिंग का प्रयोग करने का चयन कर सकते/सकती हैं। यदि आप myplace पोर्टल का प्रयोग न कर पाएँ, तो payment request form (भुगतान निवेदन फॉर्म) का प्रयोग करें।

## बैंक एकाउंट सेट अप करना

यदि आप अपनी फंडिंग का स्व-प्रबंधन कर रहे/रही हैं, तो आपको एक अलग बैंक एकाउंट बनाना चाहिए।

इससे आपको इसपर अपनी दृष्टि बनाए रखने में आसानी होगी कि कितना पैसा आ रहा है और कितने पैसे के भुगतान किए जा रहे हैं।

NDIS फंडिंग का भुगतान केवल उसी एकाउंट में किया जाएगा जिसे समर्थनों का स्व-प्रबंधन करने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा प्रबंधित किया जाता है। यह व्यक्ति एक प्रतिभागी के रूप में आप स्वयं, NDIS योजना का मनोनीत व्यक्ति या 18 साल से कम आयु वाले प्रतिभागी के लिए कोई बाल प्रतिनिधि हो सकता है।

# मैं भुगतान निवेदन कैसे करूँ?

ऑनलाइन myplace पोर्टल का प्रयोग करके सबसे आसानी और जल्दी से भुगतान निवेदन किया जा सकता है। भुगतान निवेदन करने के लिए अपने myplace पोर्टल में लॉग इन करें और भुगतान निवेदन (Payment Request) विकल्प का चयन करें। इसके बाद आप निम्नलिखित एंटर कर सकते/सकती हैं:

- समर्थन की आरंभ और समाप्ति तिथि
- भुगतान राशि
- समर्थन श्रेणी (आपकी NDIS योजना में स्व-प्रबंधित समर्थन बजट, जिससे आप फंड्स निकालना चाहते/चाहती हैं)।

यह ज़रूरी है कि भुगतान निवेदन आपके प्रदाता द्वारा दी गई इनवॉइस या रसीद से मेल खाए, या यदि आप कर्मचारियों को सीधे नियुक्त करते/करती हैं, तो यह आपके पेरोल रिकॉर्ड्स से मेल खाए। भुगतान निवेदन आपके द्वारा निवेदन किए जाने वाले समर्थन के प्रकार से मेल खाने वाली समर्थन श्रेणी के लिए किया जाना चाहिए।

भुगतान निवेदन जमा कर दिए जाने के बाद 24 से 48 घंटों के अंदर आपके बैंक एकाउंट में इसका भुगतान किया जाएगा। myplace पोर्टल और Payment Request फॉर्म का प्रयोग कैसे किया जाना चाहिए, इसके संबंध में जानकारी NDIS की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**myplace का प्रयोग करने से संबंधित विस्तृत निर्देशों के लिए निम्नलिखित देखें:**
*प्रतिभागी पोर्टल:* **NDIS वेबसाइट पर** *चरण-दर-चरण मार्गदर्शिका।*

## NICKI

**अपने भुगतानों का प्रबंध करने के लिए Nicki को हर पंद्रह दिनों में आधे घंटे का समय लगता है।**

Nicki हर रोज़ दो घंटों की व्यक्तिगत देखभाल के लिए एक प्रदाता को कांट्रेक्ट पर रखती है। वह एक समर्थन कर्मचारी, Claire, को भी नियुक्त करती है, जो उसे अपने स्थानीय समुदाय तक पहुँच प्राप्त करने और इसमें प्रतिभाग लेने में उसकी मदद करती है।

दोनों प्रदाताओं के साथ उसका समझौता यह है कि वह अपनी इनवॉइस का भुगतान 28 दिनों के अंदर करेगी। हर पंद्रह दिन बाद Nicki अपने पोर्टल में लॉग इन करती है, प्राप्त हुई इनवॉइस के लिए भुगतान निवेदन जमा करती है, और भुगतान के लिए देय इनवॉइस अदा करती है।

वह हर नई इनवॉइस पर Payment Request (भुगतान निवेदन) सँख्या लिखती है और अगले पंद्रह दिन बाद भुगतान के लिए इसे फाइल में सहेजकर रखती है। फिर वह पंद्रह दिन पहले निवेदन किए गए NDIS भुगतान के लिए अपने बैंक एकाउंट की जांच करती है और देय इनवॉइस का भुगतान करती है।

Nicki की फाइलों में प्रत्येक इनवॉइस में payment request (भुगतान निवेदन) सँख्या और payment receipt (भुगतान रसीद) सँख्या लिखी होती है, ताकि यह दिखाया जा सके कि इनका भुगतान किया जा चुका है।



# मेरे लिए कौन से रिकॉर्ड्स रखना ज़रूरी हैं?

इनवॉइसों, रसीदों, पे स्लिप्स और बैंक स्टेटमेंट्स को इस बात के प्रमाण के रूप में पांच साल तक सहेजकर रखने की ज़रूरत होती है कि आपने जिम्मेदारी के साथ अपने समर्थन बजटों और भुगतान निवेदनों का स्व-प्रबंधन किया है। NDIA यह सुनिश्चित करने के लिए यादृच्छिक ऑडिट (लेखा-परीक्षण) करती है कि स्व-प्रबंधित फंड्स को सही ढंग से खर्च और प्रबंधित किया जा रहा है। आपसे किसी भी समय किसी ऐसे भुगतान का प्रमाण देने के लिए कहा जा सकता है जो आपके द्वारा किए गए भुगतान निवेदन से मेल खाता हो। अपने रिकॉर्ड्स को सुव्यवस्थित रखना महत्वपूर्ण होता है ताकि आप NDIA को यह दिखा सकें कि आपने अपने फंड्स को कैसे खर्च किया है।

**भुगतान के रिकॉर्ड्स में निम्नलिखित शामिल होना चाहिए:**

- प्रदाता का नाम
- उसका ABN
- समर्थन उपलब्ध कराए जाने की तिथि
- उपलब्ध कराए गए समर्थन और आपकी योजना की समर्थन श्रेणियों और लक्ष्यों के साथ इसके संबंध के बारे में सँक्षिप्त विवरण
- उपलब्ध कराए गए समर्थन की मात्रा
- समर्थन का शुल्क।

# अपनी योजना समीक्षा के बारे में मुझे क्या जानकारी प्राप्त करने की ज़रूरत है?

## आपकी परिस्थितियों और समर्थन आवश्यकताओं में बदलाव

आपकी योजना को प्रभावित करने वाली किसी भी घटना या बदलाव के बारे में अपने LAC या NDIA योजनाकार को बताना महत्वपूर्ण होता है। यदि आप छ: सप्ताहों से अधिक की अवधि के लिए विदेश यात्रा करने की योजना बना रहे/रही हैं, तो आपको इसके बारे में बताना चाहिए। यदि आपकी समर्थन आवश्यकताओं या परिस्थितियों में कोई बदलाव होता है, तो आपको change of circumstances (परिस्थितियों परिवर्तन) फॉर्म भरना ज़रूरी होगा।

यदि आपकी NDIS योजना का निर्धारण शुरू में ही कर दिया जाए, तो यह सबसे अच्छा रहता है क्योंकि इससे आप अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सबसे अच्छे तरीके से अपनी NDIS फंडिंग की व्यवस्था कर सकते/सकती हैं। यदि आपको ज़रूरत हो, तो आप अपनी फंडिंग का प्रबंधन किए जाने के तरीके को बदलने की समीक्षा किए जाने के लिए निवेदन कर सकते/सकती हैं।

## योजना की समाप्ति पर समीक्षा

आपकी योजना की समाप्ति से पहले योजना की समीक्षा के बारे में चर्चा करने के लिए आपसे संपर्क किया जाएगा। इससे आपको और NDIA को निम्नलिखित बातों का अवसर मिलता है:

- इस बात की जांच करना कि आप जो समर्थन खरीद रहे/रही हैं, वे आपको अपने लक्ष्य हासिल करने में मदद कर रहे हैं
- यदि पुराने लक्ष्य हासिल नहीं किए गए हैं, तो नए लक्ष्य निर्धारित करना
- यह समझाना कि आपने ठीक से काम न करने वाले समर्थनों में बदलाव कैसे किया है
- ठीक से काम करने वाले समर्थनों के बारे में जानकारी प्रदान करना
- इस बारे में चर्चा करना कि आप अपनी स्वतंत्रता कैसे बढ़ा सकते/सकती हैं और स्व-प्रबंधन करने की अपनी क्षमता का निर्माण करना कैसे जारी रख सकते/सकती हैं।

यदि आप अपने लिए आवश्यक समर्थन खरीद पाने में समर्थ रहे/रही हैं और आपकी योजना की समाप्ति पर फिर भी आपके लिए फंडिंग शेष बची है, तो यह बहुत ही अच्छी बात है। इससे आपकी अगली योजना में शामिल फंडिंग की धनराशि पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। प्रत्येक योजना में फंडिंग इस बात पर आधारित होती है कि आपकी वर्तमान ज़रूरतों को पूरा करने के लिए क्या यथोचित और आवश्यक है।

आपकी योजना की समाप्ति पर स्व-प्रबंधन फंडिंग का शेष रहना इस बात का संकेत देता है कि आपने बहुत अच्छे तरीके से अपनी फंडिंग का स्व-प्रबंधन किया है। यह स्व-प्रबंधन के लाभों और NDIS की सफलता का समर्थन करता है।

“

“हम अपनी बेटी की NDIS फंडिंग का स्व-प्रबंधन करते हैं। हमारे लिए यह घरेलू बिलों का प्रबंध और भुगतान करने के जैसे ही आसान है”

**TENISHA, एक NDIS प्रतिभागी की माता**



## आपकी टिप्पणियाँ और सवाल

**इस पुस्तिका के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:**

## www.ndis.gov.au

**नेशनल डिसेबिल्टी इंश्योरेंस एजेंसी**

टेलीफोन 1800 800 110

Facebook/NDISAus पर हमें खोजें

Twitter @NDIS पर हमें फॉलो करें

**जिन लोगों को अंग्रेज़ी में मदद की ज़रूरत है**

TIS: 131 450

**सुनने या बोलने की समस्या से ग्रस्त लोगों के लिए**

TTY: 1800 555 677

स्पीक एंड लिसन: 1800 555 727

इंटरनेट रिले: नेशनल रिले सेवा
www.relayservice.gov.au

DA0383 JANUARY 2019

हिन्दी | Hindi